तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



समान काम समान वेतन को लेकर 12 को ठेका श्रमिकों की महासभा



## खबर संक्षेप

### छग पेंशनर संघ की बैठक 10 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन, जिला कोरबा की 10 जून को आईटीआई चौक में बैठक आहूत की गई है। बैठक पश्चात तृतीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विनय सोनवानी जी एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात शर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को 2 प्रतिशत डी.ए. (महंगाई भत्ता) बढ़ाने एवं अन्य मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आज

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में अप्रेंटिसशिप योजनांतर्गत 8 जून को प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाना है। अप्रेंटिसशिप मेला में आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 8 जून को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी के अप्रेंटिसशिप योजना में नियोजन की कार्यवाही करेंगे।

### आज होगा मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव

**कोरबा।** छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी ढोल बजाओ–प्रबंधन जगाओ अभियान के तहत 8 जून को शाम 3 बजे कोरबा पश्चिम क्षेत्र में विशाल प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास ने बताया कि सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी इरेक्टर हॉस्टल, कोरबा पश्चिम में एकत्रित होंगे, जहां से ढोल-नगाड़ों के साथ विशाल पैदल मार्च निकालते हुए मुख्य अभियंता कार्यालय, कोरबा पश्चिम पहुंचेंगे। इसके पश्चात मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव कर कंपनी के अध्यक्ष के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्य अभियंता को सौंपा जाएगा। सम्मेलाल श्रीवास ने बताया कि विद्युत कंपनी में हजारों पद रिक्त होने के बावजूद नियमित भर्ती नहीं की जा रही है, जिससे कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ रहा है।

### कोरबा प्रेस क्लब का चुनाव 14 जून को

**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब चुनाव 2026-28 की घोषणा हो चुकी है। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. छेदीलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष होने वाले चुनाव के लिए कोरबा प्रेस क्लब के कुल मतदाता संख्या 166 है। जिसके संरक्षक 1, अध्यक्ष 1, उपाध्यक्ष 1, सचिव 1, उपसचिव 1, कोषाध्यक्ष 1 व कार्यकारिणी सदस्य के 3 तीन पदों के लिए चुनाव होंगे जिसके लिए 9 जून मंगलवार 10 बजे प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 10 जून बुधवार को 10 से 12 बजे तक मतदाता सूची पर दावा आपत्ति व निराकरण शाम 4 बजे से अंतिम मतदातासूची का प्रकाशन किया जाएगा। 11 जून गुरुवार को 10 बजे से नामांकन पत्र का विक्रय प्रारंभ 2 बजे तक, 12 जून शुक्रवार को 10 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 12 जून शुक्रवार को 2.30 बजे प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 12 जून शुक्रवार को 4 बजे तक दावा आपत्ति व निराकरण, 12 जून को 4.30 बजे अंतिम प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन एवं 13 जून शनिवार के 2 बजे तक नाम वापसी पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी तरह 14 जून रविवार को 10 बजे से 3 बजे तक मतदान किया जाएगा तथा 14 जून को ही शाम 4 बजे से मतगणना व परिणाम की घोषणा किया जाएगा।

# संयुक्त खातेदार को भी मिलेगी पीएम किसान सम्मान की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम किसान सम्मान निधि में अब संयुक्त खातेदार के हिस्सेदारों को भी मिलेगी। सुशासन तिहार में ऐसे आवेदन भी कृषि विभाग को मिले थे। केन्द्र सरकार ने संयुक्त खातेदारों के मामले में यह प्रावधान दिया है। विभाग के द्वारा संयुक्त खातेदारों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

जिले में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या 85 हजार से अधिक पहुंच चुकी है। इन किसान सम्मान निधि की राशि में अब ऐसे लोगों को भी जोड़ा जा रहा है, जो संयुक्त खाते की जमीन में हिस्सेदार थे, लेकिन उनके नाम से सम्मान निधि राशि नहीं मिला करती थी। अब नए प्रावधानों के तहत ऐसी जमीन जिनमें कई खातेदार हैं और उनका बंटवारा नहीं हुआ है तो सभी खातेदारों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग ने इस नए प्रावधान के तहत संयुक्त खातेदारों से आवेदन लेना शुरू किया है। अब इनका सत्यापन भी कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया से जिले में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या 90 हजार से अधिक हो जाएगी।

## सुशासन तिहार में शामिल खातेदारों के मिले आवेदन

**खास बातें**

- पूर्व में प्रावधान नहीं होने के कारण केवल मुखिया को ही मिला करती थी राशि



**संयुक्त खातेदार को भी मिलेगी राशि**

पीएन किसान सम्मान निधि के दायरे में संयुक्त खातेदारों को लाया जा रहा है। उन्हें भी किसान सम्मान निधि की राशि दी जाएगी। सुशासन तिहार में ऐसे आवेदन आए हैं। संयुक्त खातेदारों को सम्मान निधि देने का प्रावधान दिया गया है।


-डीपीएस कंवर, उप संचालक, कृषि

## वन भूमि को भी किया गया शामिल

किसान सम्मान निधि के दायरे में वन भूमि पट्टाधारियों को भी शामिल किया गया है। उन्हें भी किसान सम्मान निधि की राशि दी जाएगी। बशर्ते उनका पंजीयन एग्रोटेक पोर्टल में होना अनिवार्य है। वन पट्टाधारी हितग्राहियों की भूमि अभी भी राजस्व विभाग में उनके नाम पर दर्ज नहीं हो सकी है। जटिल प्रक्रिया होने के कारण केवल वन अधिकार पत्र के माध्यम से ही उनके धान खरीदे जा रहे हैं और अब किसान सम्मान निधि के दायरे में उन्हें जोड़ा जा रहा है।

### एएसआई के पुत्र को गंभीर अवस्था में बिलासपुर किया गया रेफर

# एएसआई के पुत्र पर चढ़ा दी बोलेरो, गाड़ी का पीछा करने वाले युवक का अपहरण कर किया अधमरा



बोलेरो वाहन का पीछा करते स्कूटी सवार युवक।



घटना स्थल जहां हुई वारदात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात थाना में पदस्थ सउनि के पुत्र पर अज्ञात बोलेरो वाहन के चालक ने गाड़ी चढ़ा दी है जिसके बाद जब उक्त बोलेरो वाहन का पीछा करते स्कूटी सवार दो युवक बलगी जा पहुंचे जहां स्कूटी सवार एक युवक का कार में अपहरण कर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई है और उसे मृत समझकर उसे मौके पर छोड़कर हमलावर युवक भाग निकले हैं। घटना के बाद गंभीर रुप से घायल सउनि के पुत्र को गंभीरावस्था में बिलासपुर रेफर किया गया है। जबकि हमलावारों का पीछा कर रहे दूसरे युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मारपीट के घटना के बाद घायल युवक ने फायरिंग कर उसके साथ एक लाख रुपए नगद व सोने की चैन, अंगूठी का लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में दो अलग अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ शनिवार की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भागने लगे इस दौरान वहां मौजूद साहिल और अरविंद राठौर नामक युवक बोलेरो वाहन का पीछा करते हुए बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के बल्गी जा पहुंचे जहां कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 8076 में कुछ युवक पहुंचे और जिन्हें देखकर साहिल निर्मलकर मौके से फरार हो गया और अरविंद नामक युवक को कार में उठाकर अपने साथ ले गये और बेरहमी से पिटाई की गई। अरविंद को इतना मारा कि मरा समझ कर छोड़ भागे। अपहरण कर्ताओं ने अरविंद के जेब में रखे एक लाख रुपए, सोने का चैन, अंगूठी को लेकर फरार हो गए हैं। घटना के बाद अरविंद और चंद्रमणी को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चंद्रमणी की बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया है। जब कि अरविंद का उपचार शहर में ही चल रहा है।

**खास बातें**

- एक लाख रुपए व सोने की चैन लूटने का लगाया आरोप
- हमलावरों ने बांकीमोंगरा क्षेत्र के बलगी में की थी हवाई फायरिंग

## सीसीटीव्ही के आधार पर कर रही जांच

प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक यह घटनाक्रम शनिवार-रविवार की मध्य रात लगभग 1 से 3 के बीच अंजाम दिया गया। घटना के प्रारंभिक स्वरूप को देखते हुए लग रहा है कि घटना को अंजाम देने की नीयत से ही हमलावर युवक आए थे और उनकी टारगेट में कोई ना कोई था। सिटी कोतवाली थाना के अधीन मानिकपुर पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत बुधवारी बायपास मार्ग पर रात करीब 1.30 बजे कुछ युवक अपने दोस्तों के साथ काले रंग की कार में मौजूद थे व आपस में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान यहां एक सफेद रंग की बोलेरो आकर रुकी और सड़क पर पूरी जगह होने के बावजूद इस काली गाड़ी के सामने आकर खड़े हो गए और गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिए। वारदात के बाद पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश के बाद अलग अलग स्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि आखिर हमलावार युवकों ने वारदात को क्यों और किस लिए दिया है।

## बांकीमोंगरा और मानिकपुर में दर्ज किए गए मामले

इस पूरे घटनाक्रम के बाद साहिल निर्मलकर पिता तिलक निर्मलकर ने बांकीमोंगरा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात हमलावर युवकों के खिलाफ धारा 140(3), 310 (2), 311, 115(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। जबकि मानिकपुर में शुभम की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का प्रयास के तहत धारा 109 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पेयजल के लिए जल जीवन मिशन से भी नहीं पहुंचा पानी



पानी टंकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित ग्राम करगामार में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराने लगा है। गांव में पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार करगामार में स्थापित सिंटेक्स टंकी में पिछले चार-पांच दिनों से पानी चढ़ना बंद हो गया है। इसके चलते पूरे गांव की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। पेयजल की समस्या के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को दूर-दराज के जलस्त्रोतों से पानी लाकर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। अचानक पानी की आपूर्ति बंद होने से उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सुबह से लेकर शाम तक पानी की व्यवस्था करने में लोगों का काफी समय और श्रम व्यय हो रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की आवश्यकता बढ़ जाने के कारण समस्या और भी गंभीर हो गई है। कई घरों में पीने के पानी तक की कमी महसूस की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत पचरा को सूचना दे दी गई है और जलापूर्ति बहाल करने की मांग की गई है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए जाने के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल जांच कर खराबी को दूर किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं रहना चाहिए।

**खास बात**

- मामला पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित गांव करगामार की

# खंभा टूटकर तारों के सहारे लटका, मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



संजय नगर स्थित गांजा गली क्षेत्र में एक बिजली का खंभा टूटकर अपनी मूल जगह से लगभग तीन फीट दूर तारों के सहारे लटक गया है। खंभे में लगे नंगे बिजली के तार भी जमीन से करीब चार फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में बच्चों और राहगीरों का लगातार आना-जाना रहता है। ऐसे में नीचे लटके तारों के संपर्क में कोई भी व्यक्ति आ सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा अब तक खंभे की मरम्मत या तारों को सुरक्षित करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि तारों के नीचे होने के कारण कुछ लोग हुकिंग कर अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे हैं, जिससे न केवल विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि विद्युत दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से तत्काल खंभे को बदलने, नंगे तारों को सुरक्षित करने और बिजली चोरी पर रोक लगाने की मांग की है।

# चंगाई सभा में हंगामा, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड पाली के ग्राम डूमरकछार में रविवार की सुबह आयोजित चंगाई सभा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सभा की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया और मामला सीधे पुलिस तक पहुंच गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे एक मकान में बड़ी संख्या में लोग प्रार्थना सभा में शामिल थे। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और आयोजन की अनुमति तथा वैधानिक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी मांगी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त सभा में डूमर कछार, पोटापानी, बनबांधा, चटुवाभौना, लाफा, नंगोई सहित आसपास के कई गांवों से लोग पहुंचे हुए थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस घर में सभा आयोजित की जा रही थी, वहां पूर्व में भी इस प्रकार की गतिविधियों को लेकर शिकायत की गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि आसपास के कई गांवों से लोगों की भागीदारी होने लगी थी, जिससे मामले ने बड़ा रूप ले लिया। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### तीनों ही संयंत्र के कर्मचारी पदोन्नति व अन्य मांगों को लेकर संघर्ष के लिए हुए एकजुट

# उत्पादन कंपनी प्रबंधन की नीति से बिजली कर्मचारियों में नाराजगी : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण कंपनी के तीनों संयंत्रों डीएसपीएम कोरबा पूर्व, पश्चिम एवं मड़वा के कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। तकनीकि कर्मचारियों के सैकड़ों पदों के कटौती के विरोध में बिजली कर्मचारी छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के नेतृत्व आज से 10 जून तक चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। 15 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों तक अपनी मांग पहुंचाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी में तकनीकी वर्ग के सैकड़ो पद रिक्त होने के बावजूद वरिष्ठ संयंत्र सहायक-2 (मैकेनिकल) के 70 व संयंत्र सहायक -01 (मैकेनिकल) के 45 कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं। 840 पदोन्नति पदों के विलोपित पदों की पुर्नबहाली, कर्मचारी वर्ग के पदों की पुर्नपद संरचना, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ओव्हरटाइम एवं इंसेंटिव स्कीम लागू करने, सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की पदोन्नति, संयंत्र परिचारक-01 व 02 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को संयंत्र सहायक श्रेणी-02 के पद पर नियुक्ति, ठेका और आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित वेतन का भुगतान एवं श्रम कानून का अनुपालन संबंधी सात सूत्रीय मांग पत्र को लेकर तीनों ही संयंत्र के कर्मचारी एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हैं। तीनों ही संयंत्र के कर्मचारियों ने यह निर्णय छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में लिया है। कर्मचारियों की नाराजगी एवं मांगों के संबंध में संघर्ष का रास्ता अपनाए जाने की सूचना प्रबंधन को शीघ्र दिए जाने का निर्णय बैठक में लिया गया। फेडरेशन के महासचिव आर सी चेट्टी ने बताया कि कंपनी के प्रबन्ध निदेशक के नाम से 8 से 10 जून के बीच डीएसपीएम कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं मड़वा के मुख्य अभियंता को समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में ज्ञापन दिया जाएगा। महासचिव आर सी चेट्टी ने कहा कि 15 दिवस के भीतर मांगों पर विचार करने और उचित निर्णय नहीं लिये जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रीगणों, विपक्ष के नेताओं एवं जन प्रतिनिधियों को कंपनी के राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान उपलब्धियों के बावजूद कर्मचारी हितों पर ध्यान नहीं दिए जाने का ज्ञापन दिया जाएगा एवं कंपनी प्रमुख के डीएसपीएम कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं मड़वा प्रवास पर प्रबंधन के कर्मचारी विरोधी नीतियों के लिए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। फेडरेशन के प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास ने बताया कि महासचिव द्वारा कंपनी को प्रेषित ज्ञापन में प्लांट अस्सिटेंट ग्रेड-01 व 02 के पदोन्नति से वंचित 45 व 70 कर्मचारियों को अविलंब पदोन्नति, 840 पदोन्नति के विलोपित पदों को यथावत किया जाना, कर्मचारी वर्ग के पदों की पुनर्पदसंरचना (रिस्ट्रक्चरिंग) पुरानी पेंशन योजना की बहाली, ओव्हर टाइम व इंसेंटिव योजना लागू किया जाना, सुरक्षा व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के रिक्त पदों के विरूद्ध पदोन्नति, प्लांट अटेंडेंट ग्रेड-01 व 02 के पद पर 7 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को प्लांट असिस्टेंट-02 के पद पर पदोन्नति, ठेका एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित वेतन का भुगतान एवं श्रम कानून का अनुपालन आदि ज्ञापन की प्रमुख मांगों पर निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।



आर सी चेट्टी

### महिला की नदी में डूबने से मौत



मृतका

**कोरबा।** नदी के रास्ते नाव से अपने गांव जा रही थी कि इस दौरान महिला नाव से नदी में गिर गई और उसकी मृत्यु हो गई है। जानकारी के मुताबिक दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवागांव कला (झाबु) निवासी प्रेम साय अघरिया की पत्नी चंदन बाई अघरिया शनिवार की शाम को नाव से नदी पार कर गांव जा रही थी। इसी दौरान नदी के बीच में ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से महिला नदी में गिर गई और डूबने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि किन परिस्थितियों में चंदन बाई नदी में डूबी है।

## खबर संक्षेप

### रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा



**जांजगीर-चांपा।** रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन के चलते ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। स्थिति यह है कि इसके कारण गांव की सड़क भी खराब हो रही है वहीं लोगों को राशन लेने के लिए 2 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा का है। कुछ दिनों बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा वहीं ग्राम नवापारा की सड़क यदि समय रहते नहीं सुधर पाई तो बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा इसे लेकर ग्रामीण एवं सरपंच अब आंदोलन का रुख तैयार कर रहे हैं। इसे लेकर नवागढ़ थाने में भी जानकारी दी जा चुकी है। ग्रामीण महिला सुमन पटेल, दीपिका, लक्ष्मी बाई, फोटो बाई, ममता रोहिणी, अंशिका साहू समेत अन्य महिलाओं का कहना है कि समय रहते रेत के अवध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

### ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक ने खाया जहर, महिला राजनांदगांव से गिरफ्तार



**अकलतरा।** निजी फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवक से पैसों की मांग करने के मामले में अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को राजनांदगांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राजनांदगांव निवासी एक महिला उसे निजी फोटो सार्वजनिक करने की धमकी देकर पैसों की मांग कर रही थी। आरोपी महिला ने कथित रूप से युवक के निजी फोटो उसके तथा उसके परिजनों के मोबाइल नंबरों पर भेजे और पैसे नहीं देने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम में वायरल करने की चेतावनी दी। जांच में सामने आया कि युवक और महिला एक-दूसरे को पहले से जानते थे। पिछले 12 से 15 दिनों से महिला द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मानसिक प्रताड़ना और बदनामी के भय से परेशान होकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाते हुए कीटनाशक का सेवन कर लिया। युवक पिछले सात दिनों से बिलासपुर के अस्पताल में उपचाररत है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्रकरण में अकलतरा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) एवं आईटी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और व्हाट्सएप चैट के आधार पर पुलिस टीम ने राजनांदगांव पहुंचकर आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार किए जाने पर उसके कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, उप निरीक्षक विनोद जटवार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या कुर्रे तथा आरक्षक राजा रात्रे का योगदान रहा।

### रातभर बैठी रही थाने में, नहीं सुनी फरियाद पीड़िता ने मुख्यमंत्री से सीधे की शिकायत

**जैजैपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत सक्ती जिले के ठठारी गांव पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनचौपाल में उस वक्त पुलिस का महकमा सकते में आ गया, जब भीड़ से उठी एक महिला ने अपनी पीड़ा बयां की। मुख्यमंत्री से सीधे संवाद करते हुए महिला ने कहा कि वह रातभर सक्ती थाने में बैठी रही, लेकिन उसकी फरियाद किसी ने नहीं सुनी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शनिवार 6 जून को सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत ठठारी गांव में आगमन हुआ था। यहां मुख्यमंत्री ने बरगद पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद किया। चर्चा के दौरान ग्रामीण मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातें व मांगें रख रहे थे। इसी बीच भीड़ में से एक महिला उठी और उसने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। महिला ने भरे चौपाल में मुख्यमंत्री से सीधे संवाद करते हुए कहा कि वह विगत रात्रि अपनी शिकायत लेकर सक्ती थाना पहुंची थी। उसने आरोप लगाया कि वहीं के कुछ युवकों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी की थी। इसके साथ ही उसके साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। इससे क्षुब्ध होकर महिला अपनी रिपोर्ट लिखाने रात में ही सक्ती थाना पहुंची थी। वह रात्रि करीब 10 बजे से लेकर सुबह के 4 बजे तक बैठी रही, लेकिन किसी ने उसकी फरियाद नहीं सुनी। इस बीच थाना में सिपाही से लेकर हवलदार और थाना प्रभारी तक आते-जाते रहे।

संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन कर मूल थानों से मंगाया जाएगा आपराधिक रिकॉर्ड

# जिला पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष मुसाफिर चेकिंग अभियान



मुसाफिरों से जानकारी लेते पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन प्रशिक्षु उप निरीक्षकों द्वारा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किराए के मकानों, लॉज, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थानों पर ठहरे बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

अभियान के दौरान बाहर से आकर निवास कर रहे व्यक्तियों के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं अन्य वैध पहचान पत्रों की जांच की गई। साथ ही उनके निवास, कार्यस्थल एवं आगमन के उद्देश्य के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। सत्यापन के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पूर्व आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों के संबंध में एसएस रोल तैयार किए जा रहे हैं तथा आवश्यकता अनुसार उनके मूल थाना एवं जिला से आपराधिक रिकॉर्ड एवं चरित्र सत्यापन संबंधी जानकारी मंगाई जाएगी। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए वैधानिक कार्रवाई की जानकारी दी गई तथा अनावश्यक रूप से जिले में भ्रमण अथवा ठहराव न करने की हिदायत दी गई।

# कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक




बैठक में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने, विद्यालयी अधोसंरचना विकास और शिक्षकों की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुनियोजित कार्ययोजना के साथ प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में विभागीय अधिकारियों को नई ऊर्जा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। पंचायतों के सहयोग से विद्यालय परिसरों की व्यापक साफ-सफाई कराने के लिए कहा। 16 जून को जिले के सभी विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाए एवं बच्चों एवं पालकों से सम्पर्क कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में भी शाला प्रवेश की आवश्यक वैकल्पिक व शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाउंड्रीवॉल युक्त विद्यालयों में शाला प्रवेश के अवसर पर नए विद्यार्थियों से पौधरोपण कराने, एक सप्ताह के भीतर गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विद्यालयों में आमजन के सहयोग से समय समय पर न्योता भोज का आयोजन कर उसे उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश भी दिए।

# दीवार से टकराई अनियंत्रित बाइक, एक मृत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुर्घटनाग्रस्त बाईक।

जिले के अमलडीहा में एक बार फिर तेज रफ्तार का जानलेवा रूप देखने को मिला है। अमरकंटक से जमनीपाली की ओर आ रही एक तेज रफ्तार हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक होटल की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीएस 6267 पर सवार होकर दो युवक अमरकंटक से जमनीपाली की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे अमलडीहा के पास पहुंचे, बाइक की गति अत्यधिक होने के कारण चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित मोटरसाइकिल सीधे सड़क किनारे स्थित श्याम होटल की दीवार से जा टकराई। हादसे में एक युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे व्यक्ति गंभीरावस्था में नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया है जहाँ उसकी स्थिति नाजूक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर जांच में जुट गई है।

### कक्षा 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा।** कक्षा 12वीं में अध्यनरत एक 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस दौरान पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें अपने परिजनों को उसने लिखा है कि वह उनके विश्वासों पर खरा उतर नहीं पा रही है। फिलहाल सुसाइड नोट को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सतनाम नगर में निवासी वेदराम खांडे की 18 वर्षीय पुत्री सोनी खांडे कक्षा 12वीं के छात्र थी जिसे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर दर्री पुलिस ने मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस को घटना स्थल से सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें छात्रा ने लिखा है कि वह उनके विश्वासों पर खरा नहीं उतर पा रही है। समझौता पढ़ाई की मानसिक टेंशन की चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद में मामले से पर्दा उठ सकेगा कि आखिर किन कारणों के चलते युवती ने यह आत्मघाती कदम उठायी है।

# श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिविर में उपस्थित चिकित्सक व मरीज।

श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में अंजनी कुंज श्रीवास सामुदायिक भवन, कुआभट्ठा, बुधवारी बायपास में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ओज़ोन न्यूरो सेंटर के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा गर्ग, एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रत्युष गर्ग तथा लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन डॉ. गोविन्द यादव ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चों सहित लगभग 120 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में समिति के अध्यक्ष शत्रुहन लाल श्रीवास, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास, महासचिव लीलाधर श्रीवास एवं कोषाध्यक्ष रिखीराम श्रीवास वरिष्ठ सदस्य तुलेश कुमार श्रीवास, पवन श्रीवास, मंत्री संतोष श्रीवास, श्रीमती ममता श्रीवास अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, कौशिल्या श्रीवास महासचिव महिला प्रकोष्ठ, शकुन श्रीवास कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुर्व अध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास, कल्याणी श्रीवास, यशोदा श्रीवास, संगीता श्रीवास, मनोज श्रीवास, राम श्रीवास, किशन श्रीवास, मोहनलाल श्रीवास, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, आरएन श्रीवास, सत्यवान श्रीवास, कन्हैया लाल श्रीवास, संत कुमार श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, उदघोषक घनश्याम श्रीवास का योगदान रहा।

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमला निंदनीय कार्य : पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य परिषद ने जंतर-मंतर, नई दिल्ली में हुए कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की है। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर

**खास बात**

- सीपीआई, एआईवायएफ, एआईएसएफ, एनएफआईडब्ल्यू पर हमले का लगा आरोप

जेन-जी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड एनी राजा, एनएफआईडब्ल्यू की महासचिव निशा सिद्धू तथा एआईवायएफ-एआईएसएफ के कार्यकर्ताओं पर आरएसएस कार्यकर्ताओं ने हमला किया।



पवन शर्मा

पार्टी के राज्य परिषद सदस्य पवन कुमार वर्मा ने कहा कि एनी राजा और निशा सिद्धू सीजीपी के आह्वान पर उन छात्रों-युवाओं के साथ एकजुटता जताने पहुंची थीं जो परीक्षा घोटाले, पेपर लीक और भर्ती अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों, खासकर महिला नेताओं पर यह हमला लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। यह बीजेपी आरएसएस गठबंधन की उस बौखलाहट को दिखाता है जो अपनी नाकामियों के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। सीपीआई, एआईवायएफ, एआईएसएफ, एनएफआईडब्ल्यू लगातार पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार-मुक्त परीक्षा व भर्ती प्रणाली की मांग कर रहे हैं। छात्रों की पीड़ा दूर करने और व्यवस्था सुधारने के बजाय भाजपा सरकार दोषियों को बचा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अब तक बर्खास्त किया जा चुका होना चाहिए था, क्योंकि उनके कार्यकाल में लगातार हुए घोटालों ने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। अपना नाकाम रिकॉर्ड छिपाने के लिए भाजपा आरएसएस ने एक बार फिर धमकी और हिंसा का रास्ता चुना है। राज्य परिषद सदस्य कामरेड पवन कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की गुंडागर्दी से जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती। ऐसे हमले न्याय, जवाबदेही और छात्र-युवा अधिकारों के लिए संघर्षरत लोकतांत्रिक शक्तियों के संकल्प को और मजबूत करेंगे। सीपीआई छत्तीसगढ़ मांग करती है कि हमलावरों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई हो और शिक्षा मंत्री को बर्खास्त कर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# निगम के नेता प्रतिपक्ष ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर आयुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने शहर की विभिन्न आवश्यक मुलभूत सुविधाओं के लिए निगम आयुक्त को पत्र लिखा है जिसमें विद्युत, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ सफाई, हाईमास्ट लाईट, ट्रैफिक व्यवस्था, राखड़, बरसात पूर्व नालियों की सफाई, पर्यावरण जैसी प्रमुख समस्याओं से निजात दिलाने की मांग रखी गई है।

श्री साहू ने कहा कि बरसात आने वाला है और अभी तक नालियों को दुरूत नहीं किया गया है। पर्याप्त सफाई भी नहीं कराया गया है जिसके कारण पहली बरसात में ही बदबू से शहरवासी परेशान होंगे तथा शहर की सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक की है। पिछले कई वर्षों से प्रशासन इस समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस कारगार उपाय करने में नाकाम रहा है। जिस कारण लोग सड़क



कृपाराम साहू

ट्रैफिक समस्या से परेशान हो रहे हैं। एक ओर निगम का दावा है कि शहर को पर्याप्त सुविधाएं मिल रहा है लेकिन धरातल पर कुछ और है। स्ट्रीट लाईट के लिए लगभग सभी वार्ड के पार्षद फरियाद लगा चुके हैं लेकिन बंद पड़े स्ट्रीट लाईट को सुधारा नहीं जा रहा है और जरूरत के हिसाब से नया स्ट्रीट लाईट लगाया नहीं जा रहा है। श्री साहू ने कहा निगम क्षेत्र में रहने वाले वे सभी पेयजल उपभोक्ता पानी के लिए तरस रहे हैं जो निगम के पानी पर निर्भर है कहीं पानी नहीं पहुच रहा तो कहीं पानी ऊपर चढ़ नहीं पा रहा। शहर में जगह-जगह सड़क किनारे राखड़ डंप किये जाने की शिकायतें आम हो गई है। नेता प्रतिपक्ष श्री साहू ने कहा है कि जो काम जरूरी है जनता के हित के लिए आवश्यक मुलभूत सुविधाओं में आता है उसे ताक में रखकर ऐसे अनेक कार्य कराये जाने का प्लान है जो जरूरी और आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए इन दिनों निगम में सम्मान-अपमान का खेल खेला जा रहा है। इस पर निगम प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा यह देखना दिलचस्प होगा। क्या वाकई में सम्मान- अपमान का मामला है या कुछ और कृपा साहु ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र ही कोरबा में मुलभूत आवश्यक सुविधाओं का विस्तार नहीं किये जाने पर विपक्ष एकजूटता के साथ सड़क की लड़ाई डटकर लड़ेगें।

# जेनेरिक दवाओं के कारोबार को मिल रही रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पिछले पांच साल में दवाओं की खपत में चार गुना इजाफाकोरबा। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई जनऔषधि केंद्रों की वजह से लोगों में जागरूकता आई है। अब वे सस्ती दर में मिलने वाली जेनेरिक दवाओं का उपयोग करने लगे हैं। पिछले पांच साल में इनकी खपत में चार गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में कोरबा जिले में 12 केंद्र संचालित हैं।साल 2019 में इन संस्थानों में छह करोड़ की दवाओं की बिक्री हुई थी। वहीं, साल 2024 में यह बढ़कर 24 करोड़ रुपये तक हो गई है। प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्र बिकने वाली सस्ती दवाओं के प्रति लोगों की विश्वसनीयता बढ़ने लगी है। जिले शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में तीन दुकानें चल रही हैं।इन दुकानें में शुगर, बीपी, कोलेस्ट्राल, फंगस जैसी बीमारियों की दवा की बिक्री बढ़ी है। लोगों की मांग पर सरकारी अस्पतालों में भी जेनेरिक दवाएं चिकित्सक लिखने लगे हैं। पांच वर्ष पहले जिले में दो औषधि केंद्र की शुरूआत शहर के पुराना बस स्टैंड और घंटाघर में हुई। तब यह नहीं लग रहा था कि इस पर आम लोगों की निर्भरता बढ़ जाएगी। केंद्र संचालकों का कहना है कि केंद्र सरकार खास प्रधानमंत्री की ब्रांडिंग होने की वजह से लोग अब दवाओं को पूर्ण विश्वसनीयता के साथ खरीद रहे हैं। दवाएं सस्ती होने के कारण ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए कारगर होने की वजह से अधिक बिक रही हैं।दवाएं सस्ती हैं, लेकिन ब्रांडेड जितनी कारगरसर्दी, खांसी, बुखार जैसे आम बीमारियों के अलावा हदय रोग, शुगर मरीजा, प्रसूति आदि के इलाज के जिस फार्मूले पर ब्रांडिंग कंपनिया 60 से 70 प्रतिशत अधिक दामों में बेच रही हैं। वही, दवाएं हमारे जनौषधि केंद्र में 30 से 40 प्रतिशत दामों में उपलब्ध हैं। पैरासिटामोल की जो दवाएं आम बाजार में 30 से 40 रुपये में बिकती है, वही दवा जनऔषधि में 10 रुपये में उपलब्ध है। ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तरह सस्ती दवाएं भी कारगर हैं। रिजवान का कहना है कि दवा सस्ती होने के कारण एक दो दिन की नहीं, बल्कि माह भर के लिए एकमुश्त ले जाते हैं।

# अधिसूचना जारी, यूनियन के बाहरी लीडर्स पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा औद्योगिक संबंध संहिता की अधिसूचना जारी कर दी गई है। आईआर के लागू होने के बाद इसका असर श्रमिक संगठनों में देखने को मिलेगा। आईआर कोड से औद्योगिक प्रतिष्ठानों के श्रमिक संगठनों के उन पदाधकारियों, नेताओं पर पर गाज गिर सकती है, जो बाहरी हैं।

औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में ट्रेड यूनियन में कौन पदाधिकारी होगा, इस बारे में स्पष्ट उल्लेख है। इसके अनुसार किसी भी पंजीकृत ट्रेड यूनियन में कुल पदाधिकारियों के एक तिहाई या 5 से अधिक पदाधिकारी बाहरी नहीं होंगे। उदाहरण के तौर पर यदि किसी ट्रेड यूनियन में कुल 9 पदाधिकारी हैं उसमें 3 बाहरी व्यक्ति पदाधिकारी हो सकते हैं। किसी ट्रेड यूनियन में 12 पदाधिकारी हैं तो 4 बाहरी हो सकते हैं। 15 पदाधिकारी वाले यूनियन में 5 बाहरी पदाधिकारी होंगे। जिस यूनियन में 18 पदाधिकारी होंगे उसमें 5 से अधिक बाहरी पदाधिकारी नहीं हो सकते हैं। कोड में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हैं या छंटनी किए गए हैं, वे बाहरी नहीं माने जाएंगे। ट्रेड यूनियनें जिन्हें पहले औपचारिक मान्यता नहीं थी, अब कानूनी मान्यता प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट रास्ता पाती हैं। एक प्रतिष्ठान में 51 प्रतिशत सदस्यता वाली यूनियन को सौदेबाजी यूनियन के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, जिसके पास सामूहिक सौदेबाजी और शिकायत निवारण में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने का विशिष्ट अधिकार होगा। यदि यह सीमा पूरी नहीं होती है, तो समझौता परिषद का गठन किया जाएगा, जिसमें कम से कम 20 प्रतिशत सदस्यता वाली सभी ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 1. जोईधा, रजनी, भुनेश्वर पिता तिजाऊराम, जाति-अहीर राधेलाल, बेदूराम, चैतराम, तीजकुंवर, चैतकुंवर, बेदकुंवर पिता हिरदेलाल, जाति अहीर 3. कलेश्वर, नंदूराम, राजूलाल पिता तीजराम, जाति अहीर की शामिलात खाते की भूमि ग्राम मदनपुर, तहसील पाली, जिला कोरबा छ.ग. में स्थित जिसका खसरा नंबर 751/1 रकबा 0.99 डिसमिल है। जिसे मैनें अग्रिम राशि देकर खरीदी हेतु बिक्री इकरारनामा निष्पादित करा लिया है तथा उक्त वर्णित भूमि को अतिशीघ्र पंजीयन कार्यालय में पंजीयन कराना शेष है, एवं उपरोक्त भूमि पर बांउड्री वाल का निर्माण भी करा लिया गया है। किन्हीं कारणों से पंजीकरण की कार्यवाही अभी तक नहीं हो पायी है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि को मैनें क्रय कर लिया है। अतः आम सूचना सर्वसाधारण के हित में प्रकाशित की जा रही है कि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था उक्त भूमि का क्रय-विक्रय न करें। किसी भी प्रकार का रहन-गहन या बिकीनामा या ब्रिकी इकरारनामा ना करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था द्वारा ऐसा कृत्य किया जाता है तो भविष्य में होने वाले नुकसान के लिए वह स्वतः जिम्मेदार होगा।

विजय कुमार अग्रवाल
पिता-स्व.रामबिलास अग्रवाल
निवासी-ग्राम कटघोरा, हाल मुकाम सुतर्रा, मो.-9893105373

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# पारे टोले को पीएम सड़क से जोड़ने पहुंच मार्ग का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की ऐसी ग्राम पंचायतें जिनके पारे टोलों में ऐसे पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है, ऐसे स्थानों में सीसी रोड का निर्माण कर उन्हें गांव की पीएम सड़क से जोड़ा जाएगा। पहुंच मार्ग निर्माण योजनान्तर्गत इस कार्य को शामिल किया गया है।

पीएम जनमन सड़क योजना के तहत ग्रामीण अंचलों की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के उन पारे टोलों को भी पीएम सड़क से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनी है। इसके तहत इन छोटे छोटे पारे टोलों में एक से तीन किलोमीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण होगा। ऐसे पारे टोले को आदिवासी विकास विभाग के द्वारा अपने सर्वे के दौरान चयनित किया गया था। जहां बरसात के दिनों में भी पहुचना कठिन हुआ करता था और पंचायत मुख्यालय से भी ऐसे गांव जैसे पारे टोले कट जाते थे। पीएम जनमन योजना के तहत 27 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। जहां सड़क का निर्माण चल रहा है। उन्हीं ग्राम पंचायतों के पारे टोलों को भी पीएम सड़क से जोड़ने का काम किया जाएगा। 22 पारे टोले चयनित हुए हैं। जो कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आते हैं। ऐसे पारे टोले पहुंच विहीन क्षेत्रों के हैं जो अपने पंचायत मुख्यालय से भी बारिश के दिनों में अलग-थलग पड़ जाते हैं।

## 22 पारे टोलों में बनाई जाएगी सीसी रोड

**खास बातें**

- कोरबा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्रामों को किया गया है शामिल



### लगंगे सोलर पैनल

पंचायत के पारे टोलों के बीच बनने वाली सड़क में रोशनी के लिए सोलर पैनल की भी योजना तैयार हुई है। जिसके अंतर्गत डीएमएफ से खंभे लगाने और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ है। क्रेडा के द्वारा इन क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। वन क्षेत्र होने के कारण बिजली के पोल अब तक नहीं लग सके हैं।

### ये हैं पारे टोले जहां बनेगी सड़कें

जिन पंचायतों के पारे टोले में सड़कों का निर्माण होना है उनमें कोरबा विकास खंड के खम्होन, डोकरमना, अरेतरा, सदरीडांड, सिलीगुड़ी, मछलीभाटा, आछीमार, इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में लेपरा, धवलपुर, कारीमाटी, कोडगार, भुजंगकछार आदि शामिल हैं। ये ऐसे पारे टोले हैं जो पीएम सड़क से 3 से 4 किलोमीटर दूर हैं। बरसात के पूर्व खाद्यान्न का भंडारण इनकी पंचायतों तक हो पाता है। पारे टोले तक भंडारण को लेकर एक बड़ी समस्या पहुंच मार्ग नहीं होने की थी।

## खबर संक्षेप



### प्रेरणा महिला समिति ने किया वृक्षारोपण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईडब्ल्यूएस ऑफिस के पास महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन तथा उनकी सहयोगी सदस्याओं श्रीमती रश्मि टंडन, शीला श्रीवास , श्रीमती बबीता एवं श्रीमती इतिश्री बड़ई के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### श्रद्धा महिला मंडल ने किया वृक्षारोपण



**कोरबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वसंत क्लब परिसर में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की उपाध्यक्षगण एवं अन्य सदस्याओं ने भी पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों को फलदार पौधे तथा पर्यावरण अनुकूल जूट के थैले वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। अपने संबोधन में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन ने सभी से अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं।

### सभी भाषाओं की जननी है संस्कृतः दिव्या



**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की ओर से संस्कृत प्रबोधन वर्ग का आयोजन आज से शुरू हो गया। प्रबोधन वर्ग में विभिन्न जिलों से शिक्षार्थी शामिल हुये हैं यह अभ्यास वर्ग 10 दिन तक चलेगा। मुख्य वक्ता संस्कृत महाविद्यालय रायपुर की प्राध्यापिका डॉक्टर दिव्या देशपाण्डे ने संवाद की शैली में अपनी बात रखी। संस्कृत के प्रति अभिरुचि और इसे जानने की इच्छा को लेकर उन्होंने अवधारणा प्रस्तुत की। डॉक्टर दिव्या ने व्यवहारिक कार्य और अन्य विषयों में संस्कृत को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है लेकिन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा और उसमें दिए गए संदेश को लेकर भी उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का डंका अंतरराष्ट्रीय स्तर में स्थापित है। संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रबोधन वर्ग के सर्व वर्गअधिकारी के रूप में होमेश्वर चंद्राकर, हेमन्त साहू, मनोज वैष्णव, नरसिंह शास्त्री, आरसी साहू, विद्यानंद पांडेय आदि उपस्थित थे।

## मामला पाली विकासखंड का, नगर पंचायत ने कराया था निर्माण

# चीर घर स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं होने से बाहर रखना पड़ता है शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड अंतर्गत पांच साल पहले बनाए गए चीर घर के विभाग को हैंडओवर नहीं होने के कारण एक से अधिक शव आने के कारण कक्ष के बाहर रखने की स्थिति निर्मित हो जाती है। क्षेत्र के विधायक ने इस मामले को सुशासन तिहार के अलावा प्रशासन के सामने भी ला चुके हैं।

**खास बात**

- विधायक दो बार उठा चुके हैं प्रशासन के सामने मामला

जिले में चुनिंदा चीरघर हैं। जिसमें नगर पंचायत पाली स्थित चीरघर भी शामिल है। जहां आवश्यकतानुसार शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। वर्तमान भवन महज दो कमरों का है, जिसमें सामने एक छोटा सा कमरा और अंदर प्लेटफॉर्म रूम है, जहां शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। इस कमरे में केवल एक ही शव रखा जा सकता है। चूंकि पाली नेशनल हाईवे में स्थित है। पूरे ब्लॉक, क्षेत्र का केंद्र बिंदु है। यह विभिन्न दुर्घटनाओं, आपदाओं अथवा अन्य कारणों से मृत होने वाले शवों का पोस्टमार्टम करने का एकमात्र स्थल है। कभी-कभी एक के साथ कुछ और शव आ जाते हैं, ऐसे में विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शवों को बाहर ही रखना पड़ता है।



पाली स्थित चीर घर।

### तीन किशोरों के शव को रखने नहीं मिल रही थी जगह

हाल ही में पाली ब्लाक के पहाड़गांव में पेड़ के नीचे दबने से 3 किशोरों की मौत होने के बाद उनके शव को रखने के लिए पुराने चीर घर में जगह की समस्या खड़ी हो गई थी। जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ने लगा है। स्थिति यह हो जाती है कि शव को अस्पताल में रखना पड़ता है।

### स्वास्थ्य विभाग को लिखा गया है पत्र

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल ने बताया कि यह उनके 5 वर्ष पूर्व के कार्यकाल के दौरान निर्मित हुआ था। तब से स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर के लिए कहा जा रहा है। नपं अध्यक्ष श्री जायसवाल ने पुनः स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर भवन के हस्तांतरण की मांग की है।

इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 6 वर्ष पूर्व चीरघर के लिए सर्व सुविधा युक्त अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य कराया था। जिसकी निर्माण एजेंसी नगर पंचायत पाली थी। उक्त भवन को निर्मित हुए लगभग 5 वर्ष गुजर गए हैं, लेकिन भुगतान के एक मामले के कारण अब तक यह हैंड ओवर नहीं हो पाया है। 5 साल से नया भवन रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील होते जा रहा है। जबकि इस भवन में एकाधिक शव को रखने के लिए पर्याप्त जगह है। यह समय की आवश्यकता भी है।

# स्वस्थ जीवन व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती साइकिल रैली




कार्यक्रम में शामिल लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा रविवार साइकिल के नाम अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ एसईसीएल वालीबॉल मैदान से हुआ, जो मुड़ापार बाजार चौक, डीएवी विद्यालय मार्ग, हेलिपैड, घंटाघर तथा हनुमान मंदिर (सुभाष ब्लॉक कॉलोनी) होते हुए जी.एम. परिसर के मार्ग से पुनः एसईसीएल वॉलीबॉल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

साइकिल रैली में पुलिस विभाग से रक्षित निरीक्षक अनंत राम पैकरा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह, वॉलीबॉल संघ से सुशील गर्ग, स्काउट-गाइड प्रभारी सुश्री उत्तरा कैवर्त एवं श्री दिगंबर सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, स्काउट-गाइड सदस्य, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में स्कूली बच्चों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित लगभग 250 लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को साइकिल उपयोग के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य को प्रेरित करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वॉलीबॉल संघ, व्यायाम शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं का विशेष योगदान रहा।

# पितनी नदी में अप्रैल तक पुलिया निर्माण का दावा निकला खोखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बहुप्रतीक्षित उतरदा व धौराभांठा के बीच बहने वाली पितनी नदी पुल विहिन होने से बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है लेकिन पढाई की ललक ने उतरदा मीडिल व हाईस्कूल में अध्यनरत छात्रों को नदी की उफनती धारा भी नहीं रोक पाती और वे उफनती नदी को स्कूल लगने व सांय को छुट्टी के समय अप-डाउन बस्ता को सिर पर रख, एक दूसरे का हाथ पकड़कर नदी की उफनती धारा को पार करते हैं यदि जरा सी लापरवाही हुई तो नदी के बाहव में बहना स्वाभाविक है।

**खास बात**

- इस बारिश में अध्ययनरत छात्रों को नहीं मिलेगी नदी धारा से राहत

उल्लेखनीय है कि उतरदा में किसानों के लिए सहकारी समिति बारिस का मौसम खेती किसानी के लिए खाद लेने उप स्वास्थ्य केन्द्र,बस स्टैंड,बैंक जैसे अन्य सुविधाएं है जहां धौराभांठा, रामपुर व अंडीकछार के ग्रामीण पहुंचते हैं, पुल बन जाने से सिरली, उतरदा नेवसा के लोगों को ब्लाक मुख्यालय पाली जाने में कम दूरी तय करनी पडेगी, वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को 10-12 किमी अतिरिक्त सफर तय कर पाली पहुंचना पडता है, पुल बन जाने से दूरी घटकर महज 4 किमी ही रह जाएगी । पुल की लंबाई 30 मीटर व पुल के दोनों ओर सड़क निर्माण 18 सौ मीटर है वो भी अधुरा है,पुल की कुल लागत 2 करोड़ 25 लाख रुपए है। जिला प्रशासन को चाहिए कि पुल निर्माण कार्य में गति लाने निर्माण एजेंसी व ठेकेदार पर नकेल कसी जाए। वही गृहग्राम का गंभीर समस्या को देखते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने विधायक बनते ही अपने प्रमुख कार्य में शामिल कर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विशेष आग्रह कर पुल निर्माण को धरातल पर ले तो आए लेकिन विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से इस बहुप्रतीक्षित कार्य से इस बरसात में क्षेत्र के लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है क्योंकि 12-15 जून को मानसून आने की संभावना है ऐसे में निर्माण कार्य बंद करना पड़ेगा ऐसे में बारिश से पहले पुल का पूरा बन पाना संभव नहीं लग रहा है। पेटी ठेकेदार गोरेलाल साहू के द्वारा पूल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जब उनसे पुल निर्माण की धीमी गति के संबंध में जानकारी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल न तो रिसीव किया न ही काल बैक किया गया। उतरदा सरपंच प्रतिनिधि सुंदर मरावी ने कहा कि कार्य की गति धीमी होने से स्कूली बच्चों व क्षेत्र के लोगों को इस बरसात में राहत मिलती नहीं दिख रही है संबंधित विभाग व ठेकेदार को इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। वहीं इंजीनियर दिनेश कुमार ने कहा कि अभी पुल निर्माण कार्य शुरू है,पूरा प्रयास है कि बरसात लगते लगते आवागमन के लिए बना दिया जाऐगा।



निर्माणाधीन पुलिया।

# कबाड़ से भरे चार वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध कबाड़ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उरगा व कुसमुंडा पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों से कबाड़ की कुल चार वाहनों को जब्त किया है।

थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक नवीन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम कुरूडीह स्थित एक बंद परिसर में दबिश दी। पंचों की उपस्थिति में की गई तलाशी के दौरान भारी मात्रा में लोहे का कबाड़ एवं वाहन बरामद किए गए। कार्रवाई में एक माजदा डीआरएस पिकअप, एक 407 ट्रक एवं एक अन्य ट्रक से कुल लगभग 14 टन लोहे का कबाड़, मोटरसाइकिल के कटे-पाट्र्स सहित 3 वाहन जप्त किए गए। जप्त मशरूका एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 12.60 लाख आंकी गई है। वहीं रविवार को थाना कुसमुंडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि वैशालीनगर जरहाझेल 6 नंबर बेरियर मार्ग पर एक संदिग्ध पिकअप वाहन लावारिस हालत में खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 ई 8576 में लोहे की जाली, पाइप, रोलर एवं अन्य सामग्री सहित लगभग 2 टन लोहे का कबाड़ भरा हुआ मिला है। पुलिस की मौजूदगी का आभास होते ही वाहन चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने वाहन एवं कबाड़ सामग्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर जब्त कर लिया है। दोनों थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 16 टन लोहे का कबाड़ एवं 4 वाहन जप्त किए गए। जप्त मशरूका एवं वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 13.40 लाख है। संदिग्ध एवं लावारिस प्रकृति का पाए जाने तथा संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर समस्त मशरूका को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।



पुलिस द्वारा जप्त वाहन।

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पदों के लिए 5 से 19 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन करने हेतु नवीन पोर्टल में पंजीयन कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। वार्डवार सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा(शहरी) से प्राप्त की जा सकती है।

## आरसीडब्ल्यूएफ के नेतृत्व में ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा

# समान काम समान वेतन को लेकर 12 को ठेका श्रमिकों की महासभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र के ठेका श्रमिकों और भूविस्थापितों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी 12 जून को कुसमुंडा के महतरी अंगना में एक विशाल महासभा का आयोजन होने जा रहा है इस महासभा का मुख्य एजेंडा समान काम समान वेतन और स्थानीय भूविस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना है।

इस महाआयोजन को सफल बनाने के लिए अशोक पटेल, संतोष चौहान, विनोद सारथी और गोविंदा सारथी लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। इन नेताओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और आउटसोर्सिंग कंपनियों में ठेका श्रमिकों व भूविस्थापितों के बीच पहुंचकर सघन जनसंपर्क किया और चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस विशाल महासभा का नेतृत्व राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन (आरसीडब्ल्यूएफ) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे कर रहे हैं महासभा की तैयारियों को लेकर प्रोफेसर दुबे ने सभी ठेका श्रमिकों और भूविस्थापितों से एकजुट होने की भावुक और पुरजोर अपील की है। श्री दुबे ने कहा मजदूरों और भूविस्थापितों के साथ लंबे समय से हो रहे शोषण के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई का वक्त आ गया है हमें आज संघर्ष की राह चुननी होगी ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल सुरक्षित और बेहतर बन सके यह महासभा केवल एक बैठक नहीं बल्कि हमारे हक की क्रांति की शुरुआत है। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस महासभा में पूरे कोयला खदान क्षेत्र के सभी 12 जोनों के ठेका मजदूर और भूविस्थापित हजारों की संख्या में शामिल होने जा रहे हैं श्रमिक नेताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मजदूर और विस्थापित अपनी सामूहिक ताकत और एकजुटता का पुरजोर इजहार करेंगे। जिससे प्रबंधन और शोषक ताकतों को उनकी मांगें मानने पर मजबूर होना पड़े। समान काम के लिए समान वेतन का नियम सख्ती से लागू हो भूविस्थापितों को रोजगार उचित मुआवजा और पुनर्वास की बेहतर सुविधाएं मिलें ठेका श्रमिकों का आर्थिक व मानसिक शोषण तुरंत बंद हो। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों श्रमिक भाइयों और विस्थापित परिवारों से अपील की है कि वे 12 जून के दिन ठीक 3 बजे समय पर कुसमुंडा महतरी अंगना पहुंचकर इस महासभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।



आंदोलन करते श्रमिक।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780